

नवभारत 03
भोपाल, मंगलवार 05 अगस्त, 2025

## एक नजर में



### भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया

**सुठालिया 04 अगस्त, सं.** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को नगर के शिव मंदिरों में दिनभर भक्तों की भीड़ बनी रही. मधुसूदनगढ़ रोड स्थित मां सुंदरमयी वैष्णो देवी मंदिर पर पुजारी मनोज गुरू द्वारा भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया गया. अति प्राचीन सिद्ध स्थलों नगर के बालकेश्वर महादेव, श्यामखो महादेव, महावीर आश्रम स्थित शिवालय, सदर बाजार स्थित शिव मंदिर, जीन ग्राउंड स्थित हरिहर महादेव मंदिर, भारत माता मंदिर पर दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही.

# बैंक प्रबंधक की मिलीभगत से लाखों का घोटाला

## फर्जी दस्तावेज लगाकर किसान के नाम से निकाला केसीसी लोन

### बैंक के पूर्व प्रबंधक सहित तीन हिरासत में



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा/राजगढ़ 04 अगस्त, फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लोन प्राप्त करने वाले एक संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है इनमें बैंक एक बैंक का प्रबंधक भी शामिल है. इनके पास से 5 लाख 80 हजार रुपये नगदी राशि बरामद की है.**

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है. सोमवार को सिटी थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में प्रेस वार्ता में इस समूचे घटनाक्रम का खुलासा किया गया.

पुलिस के अनुसार 17 जुलाई को फरियादी विजय सिंह गुर्जर निवासी ग्राम पाखरियापुरा थाना चांचौड़ा जिला गुना द्वारा सिटी थाना ब्यावरा में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्तियों ने उनके आधार कार्ड एवं भूमि दस्तावेजों का दुरुपयोग कर आईसीआईसीआई बैंक शाखा ब्यावरा से 9 लाख 87 हजार का फर्जी किसान क्रेडिट कार्ड लोन निकाल लिया है. इस गंभीर आर्थिक अपराध की सूचना पर थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह धाकड़ द्वारा धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरु की.

पुलिस ने कृष्ण गोपाल, पूर्व आईसीआईसीआई बैंक प्रबंधक योगेश पिता परमानंद साहू निवासी पारायण चौक राजगढ़, सचिन पिता मोतीलाल कुंभकार निवासी इंगले कॉलोनी राजगढ़ को गिरफ्तार किया है. जबकि शेष लोग फरार है.

**नोटिस पहुंचा तब आया मामला सामने** यह मामला तब सामने आया जब फरियादी किसान के पास लोन अदा करने संबंधी नोटिस पहुंचा. किसान द्वारा सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आरोपियों द्वारा उनके नाम से लोन निकलवाने का घटनाक्रम बताया. तत्पश्चात पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरु करते हुए आरोपियों को धर दबोचा.

मामले का पर्दाफाश कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह धाकड़ के नेतृत्व में उप निरीक्षक जगदीश गोयल, सउनि शादाब खान, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र सिंह भगवती, विकास यादव, आरक्षक दिनेश किरार, पियूष गुप्ता, कुलदीप, जयप्रकाश, अंशुल त्यागी, चालक संजय बाथम का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

### फर्जी दस्तावेज से निकाला लोन

जांच में सामने आया कि कृष्णगोपाल पिता धनराज निवासी खरेटिया कला थाना मलावर ने पूर्व आईसीआईसीआई बैंक प्रबंधक योगेश पिता परमांनद निवासी पारायण चौक राजगढ़, सचिन पिता मोतीलाल कुंभकार निवासी इंगले कॉलोनी राजगढ़, श्रीराम पिता धनराज निवासी चक लेहरचा थाना चांचौड़ा जिला गुना एवं जयसिंह पिता गजराज सिंह निवासी कुंभराज जिला गुना की मिलीभगत से फरियादी के नाम पर कूटरचित दस्तावेज, फर्जी आधार कार्ड एवं नकली बंधक पत्र तैयार कर फर्जी लोन पास करवाया था.



# बाबा बर्फानी के रूप में नजर आए द्वादश ज्योतिर्लिंगेश्वर

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 04 अगस्त.** सोमवार को ब्यावरा नगर में शिवमय वातावरण हो गया. नगर के प्राचीन शिवालयों, शिव मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक गये. अंजनीलाल मंदिर स्थित द्वादश ज्योर्तिलिंगेश्वर महादेव का बाबा बर्फानी के रुप में विशेष श्रृंगार किया गया. देर रात तक मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही. हाथी खाना जूना ब्यावरा स्थित प्राचीन शिवालय, इंदौर नाका पुल के समीप शिवालय, बस स्टेण्ड के सामने प्राचीन शिवालय, शिव मंदिरों में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन, पूजा अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान किए. आकर्षक श्रृंगार किया गया. महाआरती, भजन-कीर्तन, प्रसादी वितरण हुआ. आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई.

# मेडिकल कॉलेज में हाईटेंशन लाइन से झुलसा मजदूर

## गंभीर अवस्था में किया रेफर



**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 04 अगस्त. जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में सोमवार को एक मजदूर यहां से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन के संपर्क में आने से बुरी तरह झुलस गया. गंभीर अवस्था में घायल मजदूर को बाहर रेफर किया गया है.**

घायल मजदूर की पहचान कोलकता निवासी चंदन पिता अशोकजना के रुप में हुई है. घटना से यहां अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया. घायल मजदूर को तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया. जहां घायल को आईसीयू में भर्ती किया गया है. डा. राजेन्द्र कटारिया के अनुसार घायल व्यक्ति का शरीर करीब 70 प्रतिशत तक झुलसा है. प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बाहर रेफर किया है.

**जोर का धमाका हुआ** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय मौके पर लगभग 50 मजदूर कार्य कर रहे थे. घायल चंदन सरिये खड़े करने का कार्य कर रहा था तभी वहां ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आने से यह घटना हो गई. घायल के साथी गोपाल के अनुसार समीप ही वह प्लाई की सेटिंग का कार्य कर रहा था कि एक जोर का धमाका हुआ. जोर के झटके के साथ चंदन बुरी तरह झुलस गया. उसके शरीर से धुआं निकलने लगा यह देख दहशत व्याप्त हो गई. घायल को तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया.

**पूर्व में हो चुका हादसा** निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में इसके पूर्व भी हादसा हो चुका है जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई थी. 11 जून को निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में क्रेन का तार टूटने से एक मजदूर की मौत हो गई थी. हाल ही में यह दूसरी बड़ी घटना हुई है.

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

दो घटनाएं होने के बाद निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में निर्माण कार्य के दौरान मजदूर एवं अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे है . क्या मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं है या सुरक्षा को लेकर अनदेखी बरती जा रही है जिसके चलते इस तरह की घटनाएं हो रही है . इस तरह की घटनाओं से यहां कार्य करने वाले मजदूरों में भी भय का वातावरण बन रहा है, इसको देखते हुए यहां सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतेजाम किए जाना चाहिए .



# नर्मदेश्वर महादेव का दीपों से श्रृंगार

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 04 अगस्त.** नगर के बायपास रोड स्थित श्री अंजनीलाल धाम पर नर्मदेश्वर महादेव के आज सावन के अंतिम सोमवार को दीवाली की भांति दिपों से आकर्षक श्रंगार किया गया.



# काशी विश्वनाथ महादेव का किया नीलकण्ठेश्वर का श्रृंगार

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 04 अगस्त.** न्यू तहसील के सामने स्थित काशी विश्वनाथ महादेव का श्रावण के अंतिम सोमवार को नीलकण्ठेश्वर भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया.

सुबह से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन, पूजा अर्चना कर धार्मिक अनुष्ठान किए. विदित हो कि काशी विश्वनाथ महादेव का प्रतिदिन अभिषेक किया जाता है. शाम को 8 बजे महाआरती कर भजन-कीर्तन तथाा महाप्रसादी वितरण हुआ.

# शाही सवारी में उमड़ा सैलाब

## महाकाल बटुकेश्वर बाबा की निकली शाही सवारी



**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 04 अगस्त, सं. श्रावण माह के चौथे सोमवार को धार्मिक संस्था महादेव मित्र मंडल के तत्वधान में गाजे-बाजे, ढोल-ढमाको के साथ भगवान महांकाल वटुकेश्वर की शाही सवारी पारंपरिक तरीके से उत्साह के साथ निकाली गई.**

गांधी चौक स्थित वटुकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, पूर्व विधायक कुंवर कोठार, नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डा. भल्ला द्वारा शाही सवारी का शुभारंभ किया गया. शाही पालकी में सवार होकर बाबा वटुकेश्वर महादेव भक्तो को आशीर्वाद देने निकले. पालकी यात्रा गांधी चौक, कन्या शाला स्कूल, नगरपालिका कालोनी होते हुए कालीसिंध नदी पहुंची जहां पंडित भूपेंद्र जोशी,पवन पारीक द्वारा कालीसिंध मैया की विधी विधान से पूजा-अर्चना करवाई गई. चुनर उड़ाई. इसके बाद शाही सवारी पुन: शुरू होकर पुराना बस स्टैंड, पाडल्यामाता रोड, नया बस स्टैंड, भल्ला कालोनी, अस्पताल रोड, रंगेरवाडी से सदर बाजार होते हुए मंदिर पहुंची जहां भव्य महाआरती, महाप्रसादी का वितरण किया गया. महिलाएं एवं बालिकाएं कलश लेकर चल रही थी. भजन मंडली, राजस्थानी हाडोती की मशक बाजा, ऑपरेशन सिंदूर की आकर्षक झांकी साथ चल रही थी. जोरदार स्वागत किया गया. यात्रा में जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, धर्मप्रेमी नागरिक शामिल हुए. महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद एवं यात्रा प्रभारी महेश पाटीदार ने आभार माना.

**पालकी** गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़े से निकली बाबा बैजनाथ की पालकी

# बाबा बैजनाथ का आशीर्वाद पाने उमड़ा जन सैलाब



**नवभारत न्यूज**
**नरसिंहगढ़/ब्यावरा 04 अगस्त. श्रावण माह के चौथे सोमवार को जिले भर में शिवालयों, शिव मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान हुए. समूचा वातावरण शिवमय हो गया. बाबा बैजनाथ की नगरी नरसिंहगढ़ में स्वयं बाबा बैजनाथ नगर भ्रमण पर निकले. बाबा बैजनाथ की विशाल पालकी यात्रा का साक्षी बनने एवं आशीर्वाद लेने जन सैलाब उमड़ पड़ा. चहुंऔर जयकारे गूंज उठे.**

चौथे सोमवार को नरसिंहगढ़ में श्रद्धालुओं का तांता लग गया. जिले ही नहीं अपितु दूर दराज से धर्मप्रेमी नागरिक नरसिंहगढ़ पहुंचे. श्रावण माह के चौथे सोमवार को बाबा बैजनाथ की पालकी यात्रा का भी भव्य आयोजन हुआ. बड़े महादेव मंदिर धाम से महाआरती के बाद गाजे-बाजे, ढोल-ढमाके, ध्वज पताकाओं, जयकारों के बीच पालकी यात्रा प्रारंभ हुई.

मेले वाले बाग, बलबटपुरा चौराहा, फूलबाग चौराहा, चम्पी चौराहा, छत्री चौराहा, पाण्डव चौराहा, सुभाष चौक, छारबाग चौराहा, दीनाजी का चौराहा, डा. शिवजी चौक, पुरानी कोतवाली, झाली आश्रम मार्ग, बड़ी गौशाला चौराहा से पालकी यात्रा शाम को वापस बाबा बैजनाथ मंदिर पहुंची जहां महाआरती के बाद प्रसादी वितरण हुआ. पालकी यात्रा में विधायक मोहन शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, युवा, बच्चे, बड़े, बुजुर्गो सहित हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक शामिल हुए.

**स्वागत में हुई पुष्पवर्षा** जगह-जगह स्वागत द्वार, ध्वज पताकाएं, बेनर, मंच सजाए गये. समूचे मार्ग में पुष्पवर्षा की गई. जगह-जगह फल, फलहार, चाय, दूध, छाछ, पानी का वितरण किया जा रहा था. ओंकार मंडल की और से फलहार, छाछ, फल साबुदाने की खीर की प्रसादी का वितरण किया. डा. शिवजी के चौक में श्री शिवाय सेवा मंडल द्वारा करीब पांच क्विंटल दूध का वितरण किया. आशीष नामदेव द्वारा सैकड़ो की संख्या में केसरिया दुपट्टा उड़ाकर लोगों का स्वागत किया गया.

### मंदिरों में पहुंचे हजारों लोग

श्रावण माह के चौथे सोमवार को नरसिंहगढ़ में जहां ऐतिहासिक पालकी यात्रा निकाली गई . वहीं बड़े एवं छोटे महादेव सहित शिवालयों, शिव मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन, पूजा अर्चना की . चहुंऔर भोलेनाथ के जयकारे सुनाई दे रहे थे .


